UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY

(A state Government University)
P.O. Chandanwari Premnagar, Suddhowala, Dehradun-248001, Uttarakhand
PH: 0135-2770126, Fax: 0135-2770124, Mobile: 7906811073
Email Id: coe@uktech.ac.in, Website: www.uktech.ac.in

Ref: 1565/परीक्षा/यू०टे०यू०/2021 Date: 03/02/2021

सेवा में,

निदेशक/प्रधानाचार्य,
उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय
से सम्बद्ध बी0टेक0 पाठ्यक्रम
संचालित संस्थान।

विषयः कोविड–19 के कारण माह सितम्बर–2020 में आयोजित अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में अनुपस्थित बी0टेक0 पाठ्यक्रम के संस्थागत छात्र–छात्राओं की सेमेस्टर परीक्षा आयोजित किये जाने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपको सूचित किया जाता है कि कोविड–19 के कारण माह सितम्बर–2020 में आयोजित अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में अनुपस्थित बी0टेक0 पाठ्यक्रम के संस्थागत छात्र–छात्राओं की सेमेस्टर परीक्षा **दिनांक 10 फरवरी 2021 से दिनांक 13 फरवरी 2021** के मध्य परीक्षा केन्द्र : **शिवालिक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग, सिंहनीवाला, शिमला बाईपास रोड़ देहरादून** में आयोजित की जा रही है। संस्थानों द्वारा अनुपस्थित छात्र–छात्राओं की उपलब्ध करायी गयी सूची के अनुसार परीक्षा समय–सारिणी (Tentative) तैयार कर आपको पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय के साथ उपलब्ध करायी जा रही है कि आप परीक्षा समय–सारिणी का अवलोकन कर यह सुनिश्चित कर लें कि ऐसा कोई पाठ्यक्रम/प्रश्न पत्र तो नहीं छूटा है जिसकी परीक्षा आपके संस्थान के अंतिम सेमेस्टर के Regular छात्र–छात्रा द्वारा दी जानी हो एवं इसका उल्लेख परीक्षा समय–सारिणी में नहीं हो। यदि कोई ऐसी सूचना हो तो दिनांक 4 फरवरी 2021 को सायं 3 बजे तक ईमेल coe@uktech.ac.in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात परीक्षा समय–सारिणी (Final) को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uktech.ac.in पर अपलोड कर दिया जायेगा।

साथ ही पत्र के साथ Admit Card / Verification Card का प्रारूप भी संलग्न किया जा रहा है। आप सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को अपने माध्यम से परीक्षा समय–सारिणी उपलब्ध कराते हुए प्रवेश पत्र भी जारी करने का कष्ट करें एवं जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया जाय उनकी सूची भी Soft Copy में दिनांक 7 फरवरी 2021 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे परीक्षा सम्बन्धी समस्त तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा सके। उक्त के अतिरिक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं का परीक्षा शुल्क भी समयबद्ध रूप से विश्वविद्यालय में जमा करवाने का कष्ट करें।

प्रवेश पत्र जारी करते समय यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रवेश पत्र अंतिम सेमेस्टर के 2016–20 बैच के उन्हीं Regular छात्र–छात्राओं को जारी किया जाय जो सितम्बर 2020 की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में कोविड–19 के कारण अनुपस्थित रहे हों।

भवदीय,

संलग्नक–यथोपरि।

(हस्ताक्षर)

(पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक